EVERWIN VIDHYASHRAM

STD: VI **L2- HINDI**

STD: VI

SUB: HINDI पाठ - 1 पुष्प की अभिलाषा copy

April Month

चाह नहीं, मैं सुरबाला के,
गहनों में गूँथा जाऊँ,
चाह नहीं, प्रेमी-माला में,
बिंध प्यारी को ललचाऊँ।

चाह नहीं, सम्राटों के शव पर,
हे हरि, डाला जाऊँ!
चाह नहीं, देवों के सिर पर,
चढ़ूँ, भाग्य पर इठलाऊँ।

मुझे तोड़ लेना वनमाली,
उस पथ पर देना तुम फेंक,
मातृभूमि पर शीश चढ़ाने,
जिस पथ पर जावें वीर अनेक!

— माखनलाल चतुर्वेदी

पर्यायवाची शब्द

किसी शब्द के समान अथवा एक-सा अर्थ बताने वाले शब्दों को 'पर्यायवाची' अथवा 'समानार्थक' शब्द कहते हैं; जैसे -

शब्द		पर्यायवाची
1. अहंकार	–	घमंड, गर्व, अभिमान
2. जल	–	पानी, नीर, सलिल
3. आकाश	–	नभ, गगन, आसमान
4. फूल	–	पुष्प, सुमन, कुसुम
5. उपवन	–	बाग, वाटिका, बगीचा
6. कष्ट	–	पीड़ा, दुख, व्यथा
7. इच्छा	–	अभिलाषा, चाह, कामना
8. पवन	–	वायु, समीर, हवा
9. मानव	–	आदमी, मनुष्य, इनसान
10. रात	–	निशा, रात्रि, रजनी

गिनती :- 1 - २५

१ - एक
२ - दो
३ - तीन
४ - चार
५ - पाँच
६ - छः
७ - सात
८ - आठ
९ - नौ
१० - दस
११ - ग्यारह
१२ - बारह
१३ - तेरह
१४ - चौदह
१५ - पंद्रह
१६ - सोलह
१७ - सत्रह
१८ - अट्ठारह
१९ - उन्निस
२० - बीस
२१ - इक्कीस
२२ - बाईस
२३ - तेईस
२४ - चौबीस
२५ - पच्चीस

संज्ञा

संज्ञा की परिभाषा :- किसी प्राणी वस्तु, स्थान एवं भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं।

संज्ञा के भेद :-

* व्यक्तिवाचक संज्ञा
* जातिवाचक संज्ञा
* भाववाचक संज्ञा
* समूहवाचक संज्ञा
* द्रव्यवाचक संज्ञा

I. नीचे दिए गये वाक्यों में से संज्ञा के भेद लिखिए :-

1. कोलकाता बड़ा शहर है। - व्यक्तिवाचक संज्ञा
2. बच्चे खेल रहे हैं। - जातिवाचक संज्ञा
3. मैं रोज दूध पीता हूँ। - द्रव्यवाचक संज्ञा
4. लोगों की भीड़ है। - समूहवाचक संज्ञा
5. सैनिक ने अपनी वीरता दिखाई। - भाववाचक संज्ञा